प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 03.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने पेसा कानून की अधिसूचना जारी की, अनुसूचित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू।
2. राज्य में निकाय चुनाव की तैयारी तेज, भाजपा ने दलीय आधार पर चुनाव कराने की रखी मांग।
3. झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने महेश शरदचन्द्र सोनक, अधिसूचना जारी।
4. राज्य में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी, कोहरे से हवाई सेवा प्रभावित, कई फ्लाइट लेट।
5. रांची में चल रही महिला एचआईएल में रांची रॉयल्स ने सूरमा हॉकी क्लब को 2–0 से हराया।

******************

राज्य सरकार ने पेसा नियमावली की अधिसूचना जारी कर दी है, जो अनुसूचित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। यह कानून रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा और लातेहार समेत राज्य के 15 अनुसूचित जिलों में लागू किया गया है। नई अधिसूचना के अनुसार ग्राम सभाओं के पास अब भूमि हस्तांतरण, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग, विकास योजनाओं की मंजूरी और सामाजिक न्याय से जुड़े मामलों में अनिवार्य निर्णय लेने की शक्ति होगी।

******************

राज्य में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हो गयी है। तैयारी की समीक्षा के लिए राज्य निर्वाचन आयोग आठ जनवरी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस बैठक के बाद चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। इस बीच प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहु ने सरकार से दलीय आधार पर और इवीएम के जरिये निकाय चुनाव कराने की मांग की है।

******************

इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा पर विकास कार्यों में व्यवधान डालने का आरोप लगाया है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने रांची में मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा को राज्य के विकास से कोई लेना–देना नहीं है।

******************

बॉम्बे हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति महेश शरदचंद्र सोनक को झारखंड हाई कोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। न्यायमूर्ति सोनक 8 जनवरी को वर्तमान मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की सेवानिवृत्ति के बाद अपना पद संभालेंगे। इस नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी साझा की है।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कल सपरिवार दुमका के बाबा बासुकिनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। उन्होंने बाबा फौजदारीनाथ का दुग्धाभिषेक किया और मंदिर में मां पार्वती एवं बगलामुखी माता की विशेष आरती की। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्मृति–चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

******************

राज्य के कई वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग से झारखंड को विकास के पथ पर आगे ले जाना है।

******************

रांची में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के निर्देश के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने शहर के शहरी थाना क्षेत्रों में नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को जागरूक किया।

******************

पूर्वी सिंहभूम के जमशेदपुर में 9 से 11 जनवरी तक प्रथम पूर्वी सिंहभूम साहित्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार और विचारक शामिल होंगे।

******************

राज्य में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। पलामू, चतरा, हजारीबाग समेत कई जिलों में आज भी दिन की शुरुआत घने कोहरे से हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवा के कारण अगले दो से तीन दिनों में कई जिलों में शीतलहर भी चलेगी। इधर, घने कोहरे के कारण रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से विभिन्न राज्यों के लिए उड़ान भरने वाले 14 विमान कल विलंब से उडे, जबकि रांची–बेंगलूरु और रांची– दिल्ली की दो फ्लाइट रद्द कर दी गयी।

******************

रांची में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग में कल रांची रॉयल्स ने सूरमा हॉकी क्लब को 2–0 से हरा दिया। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेले गये मैच में रांची रॉयल्स की रुतुजा दादासो पिसाल ने 30वें मिनट में पहला गोल किया जबकि साक्षी राणा ने 54वें मिनट में दूसरा गोल दागा। रांची रॉयल्स की गोलकीपर बिछू देवी खारीबाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन शीट बनाए रखी और सूरमा हॉकी क्लब के खिलाड़ियों को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

******************

सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी का साहिबगंज जिले के सिदो कान्हो स्टेडियम में स्वागत किया गया। यह ट्रॉफी झारखंड के विभिन्न जिले से होते हुए साहिबगंज पहुंची है। झारखंड ने पहली बार इस ट्रॉफी पर कब्जा किया है। स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य प्रदेश के हर इलाके से खिलाड़ियो को प्रेरित करना है।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय के तहत रांची में खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में आज से दो दिवसीय द्वितीय अखिल भारतीय जज बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में देश भर के उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भाग ले रहे हैं।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में पेसा नियमावली के अधिसूचित होने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
- हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पेसा लागू, ग्रामसभा को मिला राज।
- दैनिक भास्कर लिखता है– निकाय चुनाव की घोषणा जनवरी अंत में, मार्च में नतीजे।
- प्रभात खबर ने लिखा है– जयपाल सिंह मुंडा की जयंती आज।
- दैनिक जागरण के शब्द हैं– सीएम की सुरक्षा ड्यूटी से लौट रहे जवानों की बस को डंपर ने मारी टक्कर, दर्जनों घायल।